प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

23.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में जल्द शुरू किए जाएंगे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम।
- प्रदेश में कार्प मछली पालन में उल्लेखनीय वृद्धि–इस वर्ष मछली उत्पादन 7 हजार मीट्रिक टन से अधिक।
- प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पतालों में वेलनेस पंचकर्म की सुविधा शुरू करेगा आयुष विभाग।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा–राज्य विद्युत बोर्ड में वित्तीय सुधारों की दिशा में कार्य कर रही है सुधार।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में जल्द ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस महाविद्यालय के लिए जनरल मैडिसन, सर्जरी, पीडियाट्रिक्स और रेडियोलॉजी जैसे प्रमुख विभागों में एसोसिएट प्रोफैसर के 6 और असिस्टेंट प्रोफैसर के 10 पद सृजित कर इन्हें भरने की मंजूरी दी है। इसके अलावा नर्सिंग कर्मियों के एक सौ 50 पद सृजित कर भरने की मंजूरी भी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दे रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में आई.जी.एम.सी. शिमला और डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा के लिए विभिन्न श्रेणियों के एक हजार एक सौ 82 नए पद भरने को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए विश्व स्तरीय चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की खरीद की जा रही है ताकि रोगियों को घर–द्वार के समीप बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

सुखविंदर सिंह

प्रदेश में कार्प मछली उत्पादन पिछले वर्ष के 6 हजार 7 सौ 67 मीट्रिक टन की तुलना में बढ़कर लगभग 7 हजार 3 सौ 67 मीट्रिक टन हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान में करीब 2 हजार 6 सौ मछुआरे कार्प मछली पालन का कार्य कर रहे हैं और उत्पादन वृद्धि से

उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार मछुआरों को उच्च गुणवत्ता वाली मछली के बीज उपलब्ध करवा रही है और राज्य में सात सरकारी कार्प मछली फार्म स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मई महीने में मात्स्यिकी विभाग ने नेशनल फ्रेशवाटर फिश ब्रूड बैंक, भुवनेश्वर से उन्नत अमुर कार्प बीज खरीदे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसानों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मात्स्यिकी विभाग द्वारा ऊना के गगरेट में पांच करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज मण्डी जिले के सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में एच.पी.एम.सी. के फल विधायन केन्द्र जड़ोल में 7 करोड़ 51 लाख रूपए की लागत से निर्मित 75 हजार लीटर प्रतिवर्ष क्षमता के वाईन यूनिट का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के सहयोग से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के सात जिलों में एच.पी. शिवा परियोजना क्रियान्वित की जा रही है और एशियन विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना पर एक हजार 2 सौ करोड़ रूपए खर्च होंगे। इस बीच बागवानी मंत्री ने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग स्थित राजकीय बागवानी महाविद्यालय का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि पंचायती राज विभाग व टूरिस्ट बंगलो में संचालित किए जा रहे इस महाविद्यालय में आधारभूत अधोसंरचना को सही ढंग से विकसित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। बागवानी मंत्री ने थुनाग के समीप पाखरी धार में महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक कदम उठा रही है। मण्डी जिले के करसोग महाविद्यालय में प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फैस्टिवल ग्रुप–2 संगीत समारोह के शुभारम्भ अवसर पर शिक्षा मंत्री ने ये बात कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग में पिछले वर्ष स्वीकृत 6 हजार पदों में से 3 हजार पदों पर अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और 2 हजार 8 सौ पदों को हमीरपुर चयन बोर्ड के माध्यम से भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से अध्यापकों के लिए विश्व भ्रमण की व्यवस्था भी की गई है जिसके तहत पिछले वर्ष 2 सौ 18 शिक्षकों को विदेश यात्रा करवाई गई है। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए भी विश्व भ्रमण करवाने की व्यवस्था की गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एन.टी.टी. अध्यापकों के 6 हजार 2 सौ पद और स्पेशल

एजुकेटर के 2 सौ 34 पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इस दौरान उन्होंने करसोग महाविद्यालय में लगभग 3 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होने वाले प्रशासनिक भवन की आधारशिला भी रखी।

भेंट

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल के साथ सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बीच युवा उद्यमी सिद्धार्थ लखनपाल और गौतमी श्रीवास्तव ने भी राज्यपाल से भेंट की। इन दोनों युवा उद्यमियों ने बुरांश स्टार्टअप स्थापित किया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे आकर स्टार्टअप स्थापित करने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि युवा उद्यमी दम्पत्ति शिक्षित युवाओं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

यादविन्द्र गोमा

आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा ने कहा है कि आयुष विभाग प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पतालों में जल्द ही वैलनेस पंचकर्म की सुविधा शुरू की जाएगी। वे आज छोटा शिमला में आयुर्वेदिक जिला अस्पताल की आर.के.एस. की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यादविन्द्र गोमा ने कहा कि पहले चरण में आयुर्वेदिक जिला अस्पताल शिमला और आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में ये सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि वैलनेस पंचकर्म के लिए लोगों को बाहरी राज्यों में जाना पड़ता है ऐसे में प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पतालों में ही ऐसी सुविधा देने का सरकार प्रयास कर रही है।

यादविन्द्र गोमा ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा प्रदेश भर में अश्वगंधा अभियान शुरू किया गया और इस दौरान करीब 80 हजार औषधीय पौधे वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि पपरोला और शिमला में क्वाथ थैरेपी भी शुरू कर दी गई है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य विद्युत बोर्ड लोगों को समयबद्ध बेहतर उपभोक्ता सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड में वित्तीय सुधारों की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। शिमला में आज प्रदेश बिजली बोर्ड से संबंधित मुद्दों पर गठित कैबिनेट सब कमेटी की अध्यक्षता करते हुए राजेश धर्माणी ने ये बात कही। उन्होंने बोर्ड को आत्मनिर्भर और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य संगठन बनाने के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। राजेश धर्माणी ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय प्रबंधन महत्वपूर्ण

है और इस दिशा में उपभोक्ता हितैषी निर्णय लिए जा रहे हैं। धर्माणी ने कहा कि बोर्ड में करीब साढ़े 11 हजार पद खाली हैं और बहुत सारी चीजें आउटसोर्स करनी पड़ रही हैं।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<u>डीसी शिमला</u>

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज रामपुर में आयोजित बैठक में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला 11 से 14 नवम्बर तक आयोजित होगा। उपायुक्त ने कहा कि मेले के शुभारम्भ अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। अनुपम कश्यप ने कहा कि मेले में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार लवी मेला 30 नवम्बर को समाप्त हो जाएगा और इसके बाद मेले में लगी सभी दुकानें हटा दी जाएंगी। बैठक में सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंदलाल भी मौजूद रहे।

<u>नरदेव सिंह</u>

प्रदेश भवन व अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम निदेशक प्रदीप कुमार झेना से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल्याण बोर्ड विभिन्न माध्यमों से छूट के मामले को ध्यान में ला रहा है लेकिन कई बार अनुरोध के बावजूद, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग और केंद्रीय बोर्ड से कल्याण बोर्ड को स्वीकार्य छूट का अब तक इंतजार है। नरदेव कंवर ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के प्राधिकारियों को प्रदेश के अनुरोध पर कार्यवाही करने का आग्रह

किया। प्रदीप कुमार झेना ने सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

आशीष बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने आज सौरभ वन विहार पालमपुर में जाईका वानिकी परियोजना के बहुद्देशीय विक्रय केन्द्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सौरभ वन विहार में हजारों पर्यटक व स्थानीय लोग आते हैं और इस स्थान पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित परम्परागत उत्पादों को विक्रय स्थान मिलने से समूहों की आर्थिकी में सुधार होगा। आशीष बुटेल ने कहा कि वनमण्डल पालमपुर में जाईका वानिकी परियोजना के माध्यम से 10 ग्राम वन विकास समितियां कार्यशील हैं जिनमें 20 स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं।

डीसी सिरमौर

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सिरमौर जिले में ग्राम विकास योजना के लिए 15 गांव का चयन किया गया है। जिला उपायुक्त विवेक शर्मा ने आज नाहन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सभी चयनित गांव में योजना के तहत सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि चयनित गांव के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 21 लाख रूपए की धनराशि प्रदान की जाती है और अन्य विभागों की योजनाओं से भी चयनित गांव को लाभान्वित किया जाता है।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में जल्द शुरू किए जाएंगे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम।
- प्रदेश में कार्प मछली पालन में उल्लेखनीय वृद्धि–इस वर्ष मछली उत्पादन 7 हजार मीट्रिक टन से अधिक।
- प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पतालों में वेलनेस पंचकर्म की सुविधा शुरू करेगा आयुष विभाग।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा–राज्य विद्युत बोर्ड में वित्तीय सुधारों की दिशा में कार्य कर रही है सुधार।